इकलौते युवक की सड़क हादसे में मौत

धौलपुर । धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक करीब 9 बजे बीपी काम्प्लेक्स के पास साइकिल से बाइक टकरा गई। साइकिल में टक्कर लगने के बाद बाइक सवार डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पिता का इकलौता बेटा था।

जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक गौरव धाकरे (22) पुत्र धर्मेंद्र निवासी मनियां बैटनरी डॉक्टर की प्रैक्टिस कर रहा था। जो गुरुवार रात को मुरैना मध्य प्रदेश बाइक से एक शादी में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी दौरान धौलपुर शहर में बीपी कॉन्प्लेक्स के सामने एक साइकिल सवार अचानक बाइक के सामने आ गया।

जिससे बाइक सवार युवक डॉ गौरव डिवाइडर से टकरा गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस पर शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया गया। शुक्रवार सुबह परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने पिता के इकलौता बेटा था।

अतिक्रमण को हटाने गया दस्ता बैंरग लौटा

सूरौठ । तहसील की शिव कॉलोनी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के लिए आवंटित एक बीघा जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर रखा है पिछले दिनों कस्बे निवासियों व सरपंच पिंकेश शर्मा ने संभागीय आयुक्त भरतपुर एवं जिला कलेक्टर करौली को ज्ञापन देकर विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की गई थी जिस पर सरपंच पिंकेश शर्मा ने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा पाटोर डालकर अतिक्रमण कर रखा है व साथ ही उसमें फसल भी उगा रखी है जिला कलेक्टर करौली अंकित कुमार ने सूरौठ तहसीलदार गजान्द मीणा को विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर पंचायत प्रसार अधिकारी व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य सोहन सिंह मीणा को कब्जा देने आदेश दिये गये थे जिस पर शुक्रवार को तहसीलदार गजानंद मीणा, पटवारी हरमेंन्द जाटव चन्दभान पंकज गिरदावर सुरेश सिंह सहित पूरी टीम शिव कॉलोनी स्थित विद्यालय की भूमि पर कब्जा अतिक्रमण हटाने के लिए गई हुई थीं

सूरौठ तहसील की शिव कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने गया दस्ता विरोध के कारण वापस लौट आया।

लेकिन पुरूषों ने महिलाओं को जेसीबी के आगे बैठा दिया गया जिस पर तहसीलदार गजानंद मीना द्वारा थाना प्रभारी को सूचित किया गया तो थाना प्रभारी ने एएसआई ओमीराय सहित पांच कांस्टेबलों को मौके पर भेज दिया लेकिन महिला कांस्टेबल जाप्ता उपलब्ध नहीं होने के कारण बात नहीं बन पाई जिसके कारण मौके से महिलाओं को नहीं हटाया जा सका जिस कारण से तहसीलदार सहित पूरी टीम को बिना अतिक्रमण हटाए वापस आना पड़ा सरपंच पिंकेश शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण राजकीय विद्यालय की भूमि पर कब्जा नहीं हो सका तहसीलदार गजान्द मीणा ने कहा कि जिला संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर अंकित कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को शिव कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के लिए एक बीघा जमीन को पीईईओ को सोंपने के लिए शुक्रवार को मोके पर गये लेकिन करीब 25 महिलाएं जेसीबी मशीन के आगे आकर खडी हो गई ।

व्यापारी सम्मेलन को लेकर बांटे निमंत्रण

भरतपुर (निस)। भरतपुर व्यापार महासंघ भरतपुर द्वारा 13 दिसम्बर मंगलवार को दोपहर 11 बजे गिरीश रिसोर्ट में होने वाले विशाल व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए शुक्रवार को अध्यक्ष भगवान दास बंसल के नेतृत्व में कोतवाली, वासन गेट, पाई बाग, नई मण्डी, स्टेशन वजरिया, सरकूलर रोड आदि क्षेत्रों में प्रत्येक दुंकान-दुकान जाकर निशुल्क आमंत्रण कार्ड, ईनामी कूपन व पीले चावल देकर कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया जा रहा है।

इस आयोजन के लिए व्यापारीयों में काफी उत्साह है व कार्यकर्ताओं को भारी समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम में लगभग 2500-3000 व्यापारियों के भाग लेने की उम्मीद है।

कार्यक्रम सामग्री वितरण कराने में मुकेश कुमार डेरी वाले, राजेन्द्र सिंघल, भागचंद जैन, दामोदर लाल गर्ग,लाल सिंह, महावीर सिंह मण्डी अध्यक्ष प्रकाश चंद, अनिल हलवाई, अन्नू माथुर, भगवानदास गर्ग, अनिल मित्तल, प्रेम गोयल, प्रवीन अग्रवाल, देवेन्द्र छुट्टी, अशोक जिंदल, आलोक बंसल, मनोज चौधरी, राहुल घी वाले, ईशांत सिंघल, सतीश शर्मा, टिंकी आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

जेसीबी से तोड़फोड़

धौलपुर । धौलपुर शहर के संतर रोड पर शुक्रवार दोपहर अचानक नगर परिषद धौलपुर का दल अस्थाई अतिक्रमण हटाने पहुंच गया। कुछ जगह नालों के ऊपर किए गए दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाते नगर परिषद ने जेसीबी भी चला दी। अचानक हुई इस कार्रवाई को लेकर दुकानदारों ने विरोध कर दिया। दुकानदारों के विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस बुलाई गई वही सूचना मिलते ही नगर परिषद के उप सभापति प्रतिनिधि महेश शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। जिनके हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। शर्मा के हस्तक्षेप के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान को रोकते हुए सभी दुकानदारों को एक दिन का नोटिस दिया गया है। साथ ही सभी दुकानदारों से 1 दिन में अस्थाई अतिक्रमण को अपने आप हटा लेने की अपील की गई।

नवनियुक्त प्रधानाध्यापक का स्वागत

गंगापुर सिटी । राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढाय में नवनियुक्त प्रधानाध्यापक नरेश कुमार शर्मा के कार्यभार संभालने पर ढाय गांव के ग्रामीणो ने माला व साफा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नरेश कुमार शर्मा ने आभार प्रकट करते सभी अभिभावको को विश्वास दिलाया कि स्कूल का सर्म्पूण स्टाफ बालको के सर्वांगिण विकास में ओर अधिक सुधार का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर शेरसिंह मेडिया, रामस्वरूप पटेल, नारायण पटेल, किलाण्या पटेल, भजन लाल, कमल ट्रेक्टर, राजू लाल भोपा आदि उपस्थित थे।

वर्धमान महाराज का मंगल प्रवेश

गंगापुर सिटी । दिगंबर जैन आचार्य वात्सल्य वारिधि श्री वर्धमान सागर जी महाराज का अपराहन 4 बजे 32 साधु साथियों के साथ इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए सैनिक नगर स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ जहां उनकी जल और केसर से चरण प्रक्षालन कर आरती उतारकर जैन धर्मावलंबियों ने अगवानी की।

पट्टों की मांग को लेकर लोगों ने धरना दिया

भरतपुर (निस)। कच्चा परकोटा नियमन संघर्श समिति का एक दिवसीय सांकेतिक धरना कच्चे परकोटे एवं सुजानगंगा नहर के चारों ओर बसी आबादी के पट्टों की मांग को एवं पट्टे देने में व्यवधान पैदा करने वाले राजनेताओं के द्वारा व्यवधान पैदा करने के विरोध में नगर निगम कार्यालय के समक्ष संघर्श समिति के अध्यक्ष जगराम धाकड की अध्यक्षता में दिया गया। इस आंदोलन में उठायी जा रही मांगों का एक ज्ञापन जिला कलक्टर भरतपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार जयपुर को दिया गया।

मांग पत्र की एक प्रति आयुक्त नगर निगम को भी सौंपी गई। एक दिवसीय सांकेतिक धरने के उपरान्त मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को भेजे ज्ञापन में कहा गया कि भरतपुर षहर के चारों ओर स्थित मिट्टी के कच्चे परकोटे एवं सुजानगंगा नहर, अनाह गेट, फतेह बुर्ज एवं दिल्ली दरवाजा आदि के चारों ओर स्थित पुरानी आबादी को प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत 69ए एवं स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत पट्टे दिलाने एवं पट्टे दिलाने में व्यवधान पैदा करने वाले जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की।

एक दिवसीय धरने की षुरूआत राश्ट्र गान से कर अध्यक्ष द्वारा धरना देने की घोशणा की गई। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता युदनाथ सिंह दारापुरिया ने कहा कि नगर निगम फर्जी एवं गैर कानूनी पट्टे जारी कर रही है, लेकिन राज्य सरकार के दिषा निर्देषों एवं मापदण्डों की पूर्ति करने वाले कच्चे डण्डे के पट्टे हमारे जनप्रतिनिधियों के दबाब में रोके जा रहे हैं। उप संयोजक श्रीराम चंदेला ने कहा कि षासन और प्रषासन की पक्षपात एवं भेदभाव पूर्ण नीति अपनाकर राजनीतिक दबाब में नगर निगम भरतपुर से पट्टे नहीं लेने दे रहे हैं। इस धरने को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्धाज ने 22 साल से कच्चे परकोटे के पट्टे दिलाये जाने के आंदोलन एवं वर्तमान सरकार के द्वारा पट्टे देने की कार्यवाही में अड़चन पैदा करने वाली कार्यवाही पर प्रकाष डालते हुए कहा कि षहर के कच्चे डण्डे पर रहने वाले करीब 2000 परिवार सरकार द्वारा प्रषासन षहरों के संग अभियान 2021 के तहत जारी किये गये दिषा निर्देषों एवं मापदण्डों की पूर्ति करने के बाद भी नगर निगम प्रषासन द्वारा पट्टे देने की कार्यवाही नहीं करना निंदनीय है। हमारे जनप्रतिनिधियों को सकारात्मक सोच रखते हुए पट्टे देने में अड़चन पैदा नहीं करनी चाहिये, जो अड़चन पैदा की जा रही है वह जन विरोधी है। धरने के समर्थन में आये पार्षद दाऊदयाल शर्मा, किशोर सैनी, श्यामसुन्दर गौड, दीपक मुदगल, कपिल फौजदार, मोती पार्षद, चतर सिंह सैनी, हरभान सिंह एवं कांग्रेसी नेता सुबोध चंसौरिया आदि ने कच्चे डण्डे के आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि कच्चे परकोटे वालों की मांग जायज है। हमारे जन प्रतिनिधियों के द्वारा श्रेय लेने की खातिर पट्टों में जो अडंगा लगाया जा रहा है, वह निंदनीय है।

भ्रमण के लिए रथ रवाना

करौली (नि.स.) राज्य सरकार,पंचायतीराज विभाग,सांख्यिकी विभाग, यूनिसेफ एवं पीसीसीआरसीएस के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे बाल हितैषी पंचायत संकल्प अभियान रथ को जिला परिषद् कार्यालय से मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद नायक ने हरी झण्डी दिखाकर मण्डरायल पंचायत समिति के ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया।

अभियान दल एवं राजीव गांधी युवा मित्रों से चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि बाल हितैषी पंचायत के लिए ग्राम पंचायतों एवं विद्यालयों को मिलजुल कर प्रयास करने होगें। बच्चों के मुद्दों पर पंचायत में विकास योजनाओं पर चर्चा हो एवं प्राप्त सुझाव के अनुरूप बजट का प्रावधान राज्य सरकार को भेजा जायेगा।

इस अवसर पर सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग उदयभान मीणा,ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी करौली हीरा लाल मीणा,ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी मंडरायल गवरी लाल मीणा,अभियान समन्वयक सीताराम गुर्जर, ललित व राजीव गांधी युवा मित्र उपस्थित रहे।

किसानों को कृषि तकनीक पर जानकारी दी

भरतपुर (निस)। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में लगातार अनिष्चितता बनी रहती है। इसलिए खेती में भी उसी के अनुरूप बदलाव करना चाहिए। एक ही फसल पर निर्भर रहने के बजाय किसानों द्वारा मिश्रित खेती को अपनाना वर्तमान की आवश्यकता है।

अनुसंधान संस्थाओं द्वारा कृषि की विभिन्न परिस्थितियों के लिए तकनीकियों का विकास किया गया है। इन तकनीकों का समय पर किसानों के पास पहुंचना महत्वपूर्ण है। लेकिन जानकारी के अभाव और बीजों की उपलब्धता पूरी न होने के कारण किसान अभी भी पुरानी किस्में काम में ले रहे हैं। इस लिए किसानों द्वारा पुरानी किस्मों की बजाय नई किस्मों को अपनाने की आवश्यक्ता है। यह बात सरसों अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉ. पी. के. राय ने 5 द्विवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते हुऐ कही। डॉ. राय ने कहा कि उन्नत तकनीकों को खेतों में अपनाकर कृषि के उत्पादन को बढाया जा सकता है। सरसों का उत्पादन बढाने में उन्नत किस्मों के चयन के साथ-साथ समय पर सही शस्य क्रियाओं को करने का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बीजोपचार, घने पौधों की छटाई, समय पर निराई-गुडाई, रोग तथा कीट प्रबंधन से सरसों के उत्पादन में बढोत्तरी होती है।

समापन अवसर पर प्रधान वैज्ञानिक डॉ विजय वीर सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक खेती की अनुशंसित तकनीको को अच्छी तरह समझकर उनका उपयोग करना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को मास्टर ट्रेनर के रूप मे दूसरे किसानों को प्रशिक्षण देना चाहिये। विकसित वैज्ञानिक किस्मों एवं तकनीको को किसानो तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता है। उन्होनें कहा कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए इस निदेशालय के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता कर अपना उत्पादन बढाएँ। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अषोक कुमार षर्मा ने कहा कि प्रशिक्षित किसान अपने खेत में प्रदर्शन लगाकर उन तकनीकों एवं किस्मों की उपज क्षमता का आंकलन करे तथा दूसरे किसानों को उन्हे अपनाने के लिए प्रेरित करे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को देश में राई-सरसों उत्पादन की स्थिति एवं वैज्ञानिक तकनीको का उत्पादन बढानें में महत्व, विभिन्न परिस्थितियों की उन्नत किस्में एवं बीज उत्पादन तकनीक, उन्नत शस्य क्रियायें, समेकित पोषक तत्व एवं जल प्रबन्धन, कीट एवं रोग का समेकित प्रबन्धन, मधुमक्खी पालन, आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

किसानों को अनुसंधान प्रक्षेत्रों का भ्रमण कारके प्रयोगिक जानकारी दी गई। मशरूम उत्पादन इकाई, खेती में आने वाले उन्नत उपकरण एवं कीट एवं रोगों की पहचान आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को परियोजना संचालक, आत्मा समिति, कृषि विभाग, दोसा (राजस्थान) के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें दोसा जिले के 30 किसानों ने भाग लिया। डॉ अशोक कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन किया एवं डॉ विनोद कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कलश यात्रा निकली

करौली (नि.स.) अग्रवाल समाज करौली के तत्वधान में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्र भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है

अध्यक्ष हेमलता सर्राफ एवं महामंत्री मंजू सिंहल ने बताया इस उपलक्ष में प्रथम दिवस शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वही बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा शहर के नगाडखाना दरवाजा से होकर फूटाकोट,सदर बाजार,अनाज मण्डी होते हुए अग्रवाल समाज सदन तक निकाली गई।

जिस पर लोगो ने पुष्प वर्षा की वही एक सुसज्जित रथ में भगवान अग्रसैन जी की प्रतिमा के साथ राष्ट्रीय कथा वाचिका व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कमलेश गर्ग का भव्य स्वागत किया गया। भगवान अग्रसेन जी की यात्रा और उनकी आरती के साथ अग्र कथा की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजे बीना गुप्ता रही करौली जिला अध्यक्ष अंजू गुप्ता महामंत्री सुनीता गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित रही । कथा सुननेआस पास सहित दूर दराज से भक्त आएंगे।

सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया

हिण्डौन सिटी । कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वृद्धाश्रम में सादगी पूर्ण तरीके से मनाया। इस दौरान वृद्ध आश्रम में फल वितरण भी किया ।

पार्षद अब्दुल मुग़नी ने बताया कि पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर सुबह 11.30 बजे सभी कांग्रेस जनों ने अग्रसेन विहार स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर फल वितरण किया। इस दौरान सभापति बृजेश जाटव ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उन्हें त्याग की प्रतिमूर्ति बताया। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू,नगरपरिषद उपसभापति लेखेन्द्र चौधरी,पूर्व उपसभापति नफ़ीस अहमद, पार्षद अब्दुल मुग़नी, पार्षद कमरुद्दीन, पूर्व पार्षद गोपेन्द्र पावटा,महिला कांठोस की पूर्व जिलाध्यक्ष नीलम सोबती, ब्लॉक अध्यक्ष गीता रानी,पूर्व पार्षद भरत लाल बाबा,पूर्व पार्षद मनोज जाटव आदि मौजूद रहे।

नाली का 60 फिट निर्माण टूटकर धराशाही

सपोटरा / कारौली (निस) । नगरपालिका क्षेत्र मे सार्वजनिक निर्माण विभा के संवेदक द्वारा बनाई जा रही नाली निर्माण कछुआ चाल से जहां दुकानदार और आम जनता आठ माह से परेशान है।वही सपोटरा मोड पर निर्मित नाली निर्माण का घटिया कार्य होने पर शुक्रवार को करीब 60 से 70 फिट टूटकर ध्वस्त हो गई।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चंद मीना ने उपखण्ड मुख्यालय के विकास को चार चांद लगाने के लिए नगरपालिका संचालित कर दशको से नासूर बनी रही बारिश के पानी के पानी की निकासी के लिए 4 करोड रूपये की लागत से सीसी रोड,नाली व फुटपाथ निर्माण के लिए स्वीकृत कराए थे। जिस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 303 लाख रूपये का टेण्डर जारी कर 15 अप्रैल से संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया। लेकिन संवेदक की उदासीनता से आठ माह बाद भी सीसी रोड निर्माण के बाद 70 फीसदी नाली निर्माण कराया गया है। सानिवि के संवेदक द्वारा मनमर्जी से नाली निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। संवेदक द्वारा सपोटरा मोड पर नाली निर्माण के लिए जेसीबी से गढढा खोद दिया गया। लेकिन 11 दिन बाद भी नाली निर्माण नही कराने के कारण दो दर्जन से अधिक दुकानदारो व व्यापारियों को गम्भीर परेशानी का सामना करना पडा। जिसकी शिकायत व्यापारियो के द्वारा उपखंड अधिकारी राजकेश मीना को करने पर संवेदक द्वारा 3 दिन पूर्व नाली का निर्माण कराया गया। लेकिन नारौली डांग तिराहे पर बूकना वालो के मकान के इर्द-गिर्द बनाई गयी घटिया नाली निर्माण शुक्रवार को गढढे मे मिट्टी भरने के दौरान करीब 60 -70 फिट टूटकर जमीन्दोज हो गई। जिससे संवेदक की घटिया निर्माण की पोलपट्टी उजागर हुई है।संवेदक द्वारा घटिया निर्माण के कृत्य को छिपाने के लिए जहां सानिवि के इंजीनियरो को गुमराह करने के लिए एक मकान के छज्जे गिर जाने से नाली टूटना बताया गया।जबकि हकीकत मे घटिया निर्माझा होने से मिट्टी भरने के दौरान 60 से 70फिट नाली के फर्म टूटकर ध्वस्त हो गये। संवेदक द्वारा कृत्य को छिपाने के लिए आनन फानन मे जेसीबी लगाकर टूटकर ध्वस्त हुए नाली के फर्मे को निकाला गया। शरद कुमार मीना, अधिशाषी अभियंता सपोटरा ने बताया कि सपोटरा नारौली तिराहे पर नाली निर्माण के फर्मे टूटने की मुझे जानकारी नही है। घटिया निर्माण से टूटी नाली निर्माण के फर्मे की जांच कर पुन संवेदक से निर्माण करवाया जावेगा।

शहीद डॉ.जितेन्द्र को श्रद्धासुमन अर्पित

भरतपुर (निस)। सीमा प्रहरी कल्याण संस्था के प्रतिनिधि मंडल द्वारा षहीद डॉ. जितेन्द्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शहीद डॉ. जितेन्द्र सिंह जम्मू क्षेत्र में भारत पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनाती के दौरान 13 जून 2018 को पाकिस्तानी फौज द्वारा अचानक सीमा चौकी चमलियाल पर भारी बमबारी फायरिंग करने के बाद अपनी जान की परवाह ना करते हुए अपने जवान साथियों की मदद एवं पाकिस्तानी फौज को करारा जवाब दिया और पाक फौज को भारी नुकसान पहुंचाया। अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने बताया कि बीएसएफ के साहसी, निर्भीक, जाबांज अधिकारी द्वारा भारत माता की एवं देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर मातृभूमि के लिए षहीद हो गए। संस्था के द्वारा शहीद की प्रतिमा पर गांव सलेमपुर कलां भुसावर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रतिनिधिमण्डल में सचिव आशाराम, शेरा सिंह आदि शामिल हुए।

माली समाज ने की कांस्टेबल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

करौली कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौपने आये माली समाज के लोग।

करौली । करौली जिला माली समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर गुढाचंद्रजी पुलिस चौकी के कांस्टेबल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। माली समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह सैनी, ओबीसी प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर कमल सिंह सैनी, फुले बिग्रेड के बने सिंह कुशवाह,युवा संघ के अध्यक्ष पंकज सैनी,महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान के अध्यक्ष प्रेम सिंह माली, उपाध्यक्ष रघुवीर सैनी, धर्म चंद सैनी ने पीड़ित की मां रामति के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेशकर बताया गत 13 नवंबर को थाना नादौती के गुढाचंद्रजी में प्रार्थीया बच्चों के साथ हफ्ता वसूली को लेकर हुए हमले के पश्चात पुलिस चौकी गुढाचंद्रजी में कार्यरत हैड कांस्टेबल गजराज द्वारा दोषियों से सांठगांठ के चलते परिवेदना दर्ज करने के बजाए प्रार्थीया के साथ अभद्र व गैर मर्यादित भाषा में गाली गलौच की गई जिसका पूरा घटनाक्रम का विवरण साथ में संलग्न प्रार्थना पत्र में है।

सामूहिक अवकाश 10 वें दिन भी जारी रहा

करौली (नि.स.) । जयपुर में न्यायाधीश के निजी आवास पर हुई न्यायिक कर्मचारी की संदिग्ध मृत्यु के मामले को लेकर न्यायिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार 10वे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान न्यायिक कामकाज पूरी तरह ठप रहा। न्यायिक कर्मचारियों ने धरना स्थल पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर सद्बुद्धि की प्रार्थना की।

न्यायिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश कौशिक और प्रांतिय प्रतिनिधि संतोष मंगल ने बताया की सम्पूर्ण जिले के न्यायिक कर्मचारियों द्वारा जिला न्यायालय से रैली निकाली जाकर जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा। धरना स्थल पर कवीरुल हसन,रामनिवास गुप्ता,भंवर सिंह, राजेश शर्मा, कृष्णमुरारी, अरुण शर्मा, अनूप सिंह,चंद्रदीप जैन,लोकेश गुप्ता,राजेश गुप्ता, रहीश खान, तस्लीम, प्रकाश माली, राजीव,ओमी लाल, तेजकरण, बच्चू माली, बनवारी,पवन, गुलाब, रविंद्र, राजू नापित सहित सभी न्यायालय सहित एमएसीटी, डीएलएसए कर्मचारीयो ने धरना स्थल पर समूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठा किया।

नौ सूत्रीय मांगों को लेकर संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

करौली (नि.स.) । संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने हेल्पर के साथ मुख्यमंत्री के नाम का 9 सूत्रीय मांगों का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश किया।

संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक इंदिरा देवी,गीता देवी, प्रेम, माया, इंद्रा, भूरा बाई,माया गुर्जर,कृष्णा, केसंती प्रजापत सहित कई अन्य महिलाओं ने जिलाध्यक्ष कमला देवी वैष्णव के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मंत्री बी.डी.कल्ला, रिहाना अध्यक्षा राज्य महिला आयोग एवं प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्रसिंह राठौड़ को राजकीय विद्यालयों एवं मदरसा में राष्ट्रीय पोषाहार कार्यक्रम के तहत खाना बनाने वाले कुक कम हैल्परों की 09 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन दिया गया। प्रदेश संयोजक इन्द्रा देवी ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान में एक लाख नौ हजार के लगभग कुक कम हेल्पर कार्यरत है जिनकी नौ सूत्रीय मांगों। वर्तमान में कुक कम हेल्पर को 1 हजार 742 रुपये के लगभग मासिक मानदेय मिलता है जो कि वर्तमान की महगाई के हिसाब से बहुत कम है तथा राजस्थान सरकार की न्यूनतम मजदूरी दर से बहुत कम है। अंत ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाती है कि हमारा मासिक मानदेय न्यूनतम मजदूरी के लगभग किया जाये, कुछ स्कूलों में कुक कम हेल्पर को बार-बार हटा दिया जाता है और उनकी जगह नये कुक-कम हेल्पर लगा दिये जाते है जो कि गलत है अत: वर्तमान में जो पिछले 10-15 साल से कार्यरत है उन्हें ही लगातार रखा जाये,कुक कम हेल्पर का मानदेय प्रतिमाह उनके बैंक खाते में जमा कराया जाये,कुक कम हेल्पर का सामूहिक दुर्घटना बीमा किया जाये,कुक कम हेल्पर को वर्ष में दो बार खाना बनाने की पोषाक उपलब्ध कराई जाये,हमें लगभग पिछले 22 वर्षों से राजकीय सेवा में कार्यरत हैं अत: हमे राज्य सरकार के नियमानुसार स्थाई करने के आदेश फरमाया जाये,कुक कम हेल्पर की वृद्धावस्था पेंशन लागू की जाये,कुक कर्म हैल्पर को भी राजकीय कर्मचारी की तरह मेडीकल सुविधा उपलब्ध कराई जाये। ज्ञापन देते समय मंजूदेवी,कमला देवी,संजू देवी,मनगर देवी,मंजू सैन,उर्मिला,गीता,सीता रनकुडी देवी, सहित सैकड़ों कुक-कम-हेल्पर उपस्थित थे।

भाजपाइयों में खुशी जताई

गंगापुर सिटी । भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुजरात प्रदेश के विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड तोड ऐतिहासिक प्रचंड बहुमत प्राप्त करने पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को बधाई देते हुए कहा कि गुजरात प्रदेश की जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की विचारधारा, समस्त जन कल्याणकारी कार्यों और संपूर्ण कार्यशैली पर गुजरात प्रदेश की जनता ने समर्थन जताया है। इस दौरान पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, सभापति शिवरतन गुप्ता, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, रामसिंह खटाना, सुशील दीक्षित, मनोज बंसल, सावित्री शर्मा, गिरधारी सोनी, दीपक सिंघल, मिथिलेश व्यास, गोपाल धामोनिया, सूरजमल जाट, संगीता बोहरा, एडवोकेट नवीन शर्मा, अनिल दुबे, जमनालाल वैष्णव, महेंद्र दीक्षित, नारायण महावर, विष्णुकांत, सोमेश्वर टटवाल, हिमांशु शर्मा, विष्णु शर्मा आइकॉन, पार्षद धनसिंह मावई, रामबाबू शर्मा, उदय गुर्जर सहित सैकडों कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलई।

जन आक्रोश यात्रा अस्तावन, महरावर पहुंची

जनआक्रोश यात्रा के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह (बाएं से पहले) ने क्षेत्रवासियों को सम्बोधित किया।

भरतपुर (निस)। भाजपा की ओर से डीग कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में डॉ. शैलेश दिगंबर सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के अस्तावन, महरावर, बिरहरु, साबौरा और थैरावर ग्राम में पहुंची। जहां पर जनाक्रोश चौपाल का आयोजन हुआ। डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि, कांग्रेस राज में विगत 4 सालों में जनता को गोलीकांड, अत्याचार, अन्याय और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी नहीं मिला। पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. दिगंबर सिंह के कार्यकाल में जितने विकास कार्य हुए, आज तक उनका सही से रखरखाव भी कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई। उन्होंने भरतपुर को संभाग का दर्जा दिलवाया, भरतपुर में मेडिकल कॉलेज लेकर आए, भरतपुर को इंजीनियरिंग कॉलेज दिया, भरतपुर को नेशनल हाईवे से जोड़ा, गांव गांव सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया, स्वास्थ्य केंद्र खुलवाए। ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग, जो इतनी शानदार सड़क बनी हुई है, वह भारतीय जनता पार्टी की देन है। ब्रज विश्वविद्यालय की स्थापना भाजपा की देन है। कांग्रेस राज में किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं सहित हर वर्ग के साथ अन्याय व अत्याचार हुआ है। कांग्रेस ने कर्जा माफ करने का नाम लेकर किसानों के वोट तो ले लिए, लेकिन 4 साल गुजर जाने के बाद भी किसानों का कर्जा माफ नहीं किया।

बजरंग दल ने ज्ञापन दिया

धौलपुर । बजरंग दल द्वारा रेलवे परिसर में मंदिरों को ध्वस्त करने के लिए जो नोटिस चस्पा किये उनके विरोध में आज ए डी एन सिविल अंकित गुप्ता के माध्यम से डीआरएम उत्तर मध्य रेलवे के नाम ज्ञापन दिया गया ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि यह मंदिर प्राचीन मंदिर है प्राचीन मंदिरों से रेलवे के विस्तार में किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं हो रहा है।

मंदिरों को तोड़ने से हिंदुओं की भावना आहत हो रही है जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है ज्ञापन के माध्यम से मंदिरों को तोड़ने की कार्रवाई ना करते हुए नोटिस को निरस्त कराए जाने की मांग की है जिला संयोजक मनोज सोनी ने कहा कि अगर रेलवे लाइन में कोई मंदिर आता है उसको बगल में सही जगह चिनित कर वहां पर शिफ्ट किया जाए जिससे कि शहर में शांति बनी रहेगी जिला सह संयोजक राम शर्मा ने कहा कि रेलवे के विकास कार्य में अगर कोई मंदिर बाधा बन रहा है तो उसके साइड में करने के लिए हम सभी रेलवे का सहयोग करेंगे लेकिन विभाग द्वारा उन मंदिरों को हटाया जा रहा है जोकि विक